केवल सरकारी प्रयोगार्थ

विकेन्द्रित वार्षिक जिला योजना

जनपद—फर्रुखाबाद

1987—88

शिवनन्दन गुप्त
जिला अर्थ अधिकारी

जे० राम
जिला विकास अधिकारी

के० के० सिन्हा
जिलाधिकारी

54221
309.26
UTT-V

प्रस्तावना

नियोजकों एवं विद्वान अर्थशास्त्रियों का दृढ़ मत है कि स्थानीय परिस्थितियों एवं उपलब्ध संसाधनों पर आधारित जो योजनाएं निर्मित की जाती हैं उनसे ही किसी क्षेत्र विशेष की आर्थिक स्थिति का सुधार सम्भव है । इसी परिपेक्ष्य में उत्तर प्रदेश शासन द्वारा प्रदेश में विकेन्द्रित नियोजन प्रणाली का सूत्रपात वर्ष 1982-83 में किया गया था और तब से जनपद स्तर पर योजनाओं के त्वरित क्रियान्वयन का कार्य किया जा रहा है । इस प्रकार जिला योजना संरचना तथा उसके क्रियान्वयन का पर्याप्त अनुभव होने लगा है और शनैः शनैः इस प्रक्रिया से प्रदेश को प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष लाभ भी प्राप्त होने लगा है । वर्ष 1987-88 की जिला योजना इस प्रक्रिया में अब षष्टम कड़ी है ।

वर्ष 1987-88 की योजना अवधि हेतु शासन से 777.55 लाख रु० की धनराशि स्वीकृत की गई है । दिनांक- 4.9.86 की जिला योजना एवं कार्यान्वयन समिति की बैठक द्वारा प्रस्तावित विभागवार, परिव्यय/ारो आवंटन की स्वीकृति दिनांक- 14.9.86 में जिला नियोजन एवं अनुश्रवण समिति द्वारा दी गई ।

जनपद की जिला सेक्टर योजना में 739.627 लाख रु० की चालू योजनायें तथा 37.923 लाख रु० की नवीन योजनाओं का समावेश किया गया है ।जनपद की विशेष योजनाओं के अन्तर्गत 2 कृषि बीज भण्डार एवं 3 कृषि रक्षा गोदामों का निर्माण 75 हजार रु० की धनराशि, पम्पसेटों के सुधार, लाख-वहोसी में वन-मनोरंजन केन्द्र व रेन्ज तथा प्रभागीय कार्यालय के भवन निर्माण, 4 राजकीय नलकूपों का निर्माण इन्दरगढ पर्यटन केन्द्र का विकास, 17 जूनियर वेसिक स्कूल, 10 सीनियर वेसिक स्कूलों के भवन निर्माण, वेसिक शिक्षा अधिकारी के कार्यालय का सुदृढीकरण, वर्तमान राजकीय वेसिक विद्यालय के भवनों एवं छात्रावासों का निर्माण, राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का निर्माण, विस्तार, विद्युतीकरण तथा विशेष मरम्मत, राजकीय इन्टर कालेजों में अतिरिक्त अनुभाग खोलना, तथा नये विषयों का समावेश, राजकीय बालिका उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में बस की व्यवस्था, एक बालिका इन्टर कालेज की फर्रुखाबाद नगर में स्थापना, फतेहगढ स्टेडियम में क्रीडांगन का विकास, 2 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों के भवनों का निर्माण 2 सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों ...ों की स्थापना, वर्तमान राजकीय

NIEPA DC
D03806

आयुर्वेदिक /यूनानी चिकित्सालय के भवनों का निर्माण एवं बिजली, पानी की व्यवस्था, ग्रामीण पेयजल व निर्बल वर्ग के आवासीय भवनों के निर्माण की योजनाओं प्रमुख रूप से विशेष उल्लेखनीय है ।

उक्त योजना की संरचना में जिला विकास अधिकारी (सचिव, विकेन्द्रित योजना) अपर-अधिकारी तथा कार्यालय के समस्त सहायक एवं कर्मचारियों का योगदान विशेष सराहनीय रहा जिन्होंने अपने अथक परिश्रम से योजना की संरचना अल्प समय में तैयार करके प्रस्तुत की ।

के०के०सिन्हा,
जिलाधिकारी,
फर्रुखाबाद ।

गनेश/24•9•86

Sub National Systems Unit,
National Institute of Educational
Planning and Administration
17-B, Sri Aurobindo Marg, New Delhi-110016
DOC. No. 3806
Date. 11.6.87

विकेन्द्रित जिला योजना वर्ष 1987-88

विषय सूची

क्रमसंख्या	विषय	पृष्ठ संख्या
1.	जिला योजना की रूप-रेखा	1-4
2.	अवस्थापना	5-8
3.	प्रशासनिक तथा संस्थागत ढाँचा	7-10
4.	आर्थिक कार्य कलाप	11-13
5.	सेवायोजन सम्बन्धी समस्यायें	14-14
6.	पिछड़े समुदाय की समस्यायें	16
7.	जिला योजनाओं का समालोचनात्मक मूल्यांकन	17-19
8.	स्थानीय संसाधनों का वितरण	20
9.	दीर्घ कालीन विकास की रूप-रेखा	21-23
10.	जिला योजना की पूर्वता	24
11.	राष्ट्रीय न्यूनतम आवश्यकता कार्यक्रम	25-27
12.	पिछड़े समुदाय के लिए कार्यक्रम	28-30
13.	जनपद के विकास कार्यक्रम	31-40
14.	योजना का वित्त पोषण	41-42

		जी0एन0-2की पृष्ठ संख्या	जी0एन0-3की पृष्ठसंख्या
1.	कृषि विभाग	1	1
2.	कृषि रक्षा विभाग	2	2
2.	उद्यान/आलू विकास	3	3
3.	गन्ना विकास	4	4
4.	कृषि विपणन	5	5
5.	भूमि सुधार (राज्यांश)	6	6
6.	निजी लघु सिंचाई	7	7
7.	राजकीय लघु सिंचाई	8	8
8.	भूमि एवं जलसंरक्षण	9	-
9.	पशुपालन	10-15	9-10
10.	मत्स्य पालन	16	11
11.	वन-विभाग	17	12
12.	पंचायत राज	18	13
13.	प्रादेशिक विकास दल	19	14

14.	ग्राम्य विकास(सा.मु.वि.)	20	15
15.	ग्राम्य विकास-		
	1.एकीकृत ग्राम्य विकास	21	16
	2.लघु/सीमान्त कृषकों को उत्पादकता वृद्धि हेतु अनुदान	22	
16.	सहकारिता	23	17-18
17.	विद्युत	24	19
18.	ग्रामीण एवं लघु उद्योग	25-26	20
19.	सड़क एवं पुल	27-28तथा 28क से ध तक	-
20.	पर्यटन विकास	29	
21	सामान्य शिक्षा :-		
	1.बेसिक शिक्षा	30-32	21-22
	2.माध्यमिक शिक्षा	33-34	23-24
	3.प्रौढ शिक्षा	35	25
22.	स्पोर्ट्स/खेलकूद	36	26
23.	प्रावैधिकशिक्षा	37	27
24.	चिकित्सा एवं जनस्वास्थ्य		
	1.एलोपैथिक चिकित्सा	38-39	28-29
	2.आयु०/यूनानी चिकित्सा	40	30
25.	पेयजल एवं जलोत्सारण		
	1.जल-निगम	41	31
	2.ग्राम्य विकास	42	32
26.	ग्रामीण आवास		
	1.राजस्व	43	-
	2.ग्राम्य विकास	44	33
27.	शिल्पकार पुशिक्षण (आई०टी०आई०)	45	34-36
28.	अनु०जाति/जनजाति एवं पिछडी जाति का कल्याण	46-48	37-38
29.	समाज कल्याण	49	39
30.	पुष्टाहार कार्यक्रम(समाजकल्याण)	50	-
	आधार-भूत आँकडे	1-29	

जिला योजना की रूप-रेखा

अध्याय-1

(भूमिका)

1. स्थिति:-

इलाहाबाद मण्डल के सुदूर उत्तर पश्चिम के कोने में स्थित यह एक कृषि प्रधान जनपद है, जिसकी लम्बाई लगभग 105 कि0मी0 तथा चौड़ाई लगभग 70 कि0मी0 है। वर्ष 1981 की जनगणना के अनुसार जनपद का भौगोलिक क्षेत्रफल 4274 वर्ग कि0मी0 है। यह जनपद गंगा व यमुना के दक्षिणी दो आब में स्थित है जिसके कारण यहाँ की भूमि उपजाऊ है और कृषि के दृष्टिकोण से यह एक महत्वपूर्ण जिला बन गया है। जनपद सामान्यतया मैदानी है।

2. वर्षा :-

जनपद की सामान्य वर्षा 793.3 मि0मी0 है। वर्ष 1978-79 एवं 1980 में क्रमश: 1095, 554 तथा 1024 मि0मी0 हुई तथा वर्ष 1984 में 793.2 मि0मी0 वर्षा हुई। वर्ष 1977 एवं 1978 में अच्छी वर्षा के फलस्वरूप बाढ़ की स्थिति तथा वर्ष 1979 में कम वर्षा के कारण भयंकर सूखा की स्थिति रही। वर्ष 1983 की वास्तविक वर्षा 953 मि0मी0 रही तथा वर्ष 1984 की वास्तविक वर्षा 1013.2 मि0मी0 रही।

3. तापमान :-

जनपद का तापमान गर्मियों में अधिकतम 45.8 से0ग्रे0 तक पहुँच जाता है। गर्मियों के मौसम में भयंकर लू चलती है। सर्दियों में तापमान गिरकर 4.6 से0ग्रे0 तक आ जाता है। जैसे-जैसे पहाड़ों पर बर्फ गिरती है वैसे-वैसे ही मैदानी सर्दी बढ़ती जाती है। वर्ष के माह मई एवं जून अत्याधिक गर्म तथा दिसम्बर, जनवरी अत्याधिक ठंडे रहते हैं।

4. नदियाँ:-

गंगा, रामगंगा, काली नदी व ईसन नदी जनपद की प्रमुख नदियाँ है जिनमें पानी वर्ष भर भरा रहता है। अरिन्द व पाण्डु

छोटी -छोटी बरसाती नदियाँ व वधार नाला है ।

5. जल-निकास:-

वर्षा ऋतु में गंगा व रामगंगा में बहुधा बाढ आती है , जो राजेपुर , कमालगंज, कायमगंज , शमशाबाद , जलालाबाद , व कन्नौज तक ही सीमित रहती है । वर्षा ऋतु में काली, ईसन , अरिन्द तथा पाण्डु नदियों के तटवर्ती क्षेत्र बाढ से प्रभावित हो जाते हैं और प्रतिवर्ष 300 से 600 ग्राम बाढ से प्रभावित होते हैं । राजेपुर विकास खण्ड गंगा व रामगंगा नदियों के मध्य स्थिति होने के कारण सबसे अधिक बाढ से प्रभावित होता हैं ।

6. वनस्पति :-

जनपद में वन का क्षेत्रफल अधिक नहीं है । वन विभाग के अधीन 3270 हे0 क्षेत्र है । इसके अतिरिक्त सड़कों के किनारे वन-विभाग द्वारा पेड़ लगवाये गये हैं । जिनमें यूकेलिप्टस व शीशम प्रमुख है जिससे अच्छी लकडी की उपलब्धि होती है ।

7. ग्राम तथा नगर :-

1971 की जनसंख्या के अनुसार जनपद में कुल 1784 ग्राम हैं जिनमें से 1626 आवाद व शेष 158 गैर आवाद हैं । जनसंख्या के अनुसार ग्रामों का वर्गीकरण निम्न प्रकार है :-

क्रमसंख्या	जनसंख्यावर्ग	ग्रामों की संख्या
1.	गैरआवाद	158
2.	500 से कम	704
3.	500से 999	509
4.	1000से1499	207
5.	1500 से 1999	80
6.	2000से 2499	49
7.	2500 से 4999	64
8.	5000 से 9999	12
9.	10000 से अधिक	1
	योग	1784

1971 की जनगणना के अनुसार जनपद के नगर एवं उनकी जनसंख्या निम्नांकित है ।

क्रमसंख्या	नगरक्षेत्र	जनसंख्या
1.	अ. फर्रूखाबाद -फतेहगढ़ नगरपालिका	102768
	ब. फतेहगढ -छावनी	8867
2.	कन्नौज - नगरपालिका	28187
3.	कायमगंज -नगरपालिका	15154
4.	शिवराजपुर -नगरपालिका	15726

उपर्युक्त के अतिरिक्त जनपद में आठ टाउन एरिया हैं जिन्हें 1971 की जनगणना के अन्तर्गत ग्रामों में सम्मिलित किया गया है ।

8. जनसंख्या :-

जनपद की कुलजनसंख्या 1971 व 1981 के जनगणना के अनुसार निम्नप्रकार है :-

	1971	1981
कुल जनसंख्या	1556930	1949137
पुरूष	856725	1067996
स्त्री	700205	881141

व्यवसायवार जनसंख्या की स्थिति 1971 की जनगणना के अनुसार निम्नतालिका में वर्णित है :-

क्रमसंख्या	व्यवसाय वर्ग	कर्मकरों की संख्या	कुल कर्मकरों की प्रतिशत
1.	कृषक	314694	68.7 %
2.	कृषक मजदूर	53530	11.7 %
3.	उद्योग (पारिवारिक-गैरपारिवारिक)	30493	6.7 %
4.	अन्य	59431	12.9 %
	कुल योग	458148	100 %

उपयुक्त तालिका में वर्णित आँकडों से स्पष्ट है कि कर्मकारों में लगभग 80 प्रतिशत कृषि के ऊपर आश्रित हैं । इसके उपरान्त उद्योग में अधिक संख्या में लोग लगे हैं । जनपद का मुख्य व्यवसाय कृषि है। इसके उपरान्त फर्रूखाबाद का छपाई का कार्य , छिबरामऊ , गुरसहायगंज में बीडी उद्योग , कन्नौज में इत्र उद्योग तथा कायमगंज में चीनी मिल एवं खाडसारी की व तम्बाकू विधायन की इकाईयाँ प्रमुख रूप से उल्लेखनीय है जनपद में आलू उत्पादन प्रचुर मात्रा में होने के कारण जनपद में 31 मार्च 1985 की स्थिति के आधार पर 80 शीतगोदाम स्थापित हैं ।

9. आर्थिक तथा सामाजिक विशेषता:-

जनपद कृषि उत्पादन के क्षेत्र में अग्रणी है । जनपद में खाद्यान्न उत्पादन का स्तर ऐसा है कि स्थानीय आवश्यकता की पूर्ति कर पर्याप्त मात्रा में खाद्यान्न राज्य के दूसरे जनपदों को निर्यात किया जाता है । आलू उत्पादन के क्षेत्र में जनपद राज्य में विशेष स्थान रखता है । यहाँ से आलू , आसाम , बंगाल एवं बम्बई को पर्याप्त मात्रा में भेजा जाता है आलू उत्पादकों को आलू देश के दूसरे स्थान में निर्यात करने में रेलवे - बैगनों की कमी होने के कारण बहुत कठिनाई उत्पन्न होती है । यदि फर्रूखाबाद -कानपुर से सीधी बडी लाइन से सम्बद्ध हो जाती है तो आवागमन एवं आलू निर्यात में पर्याप्त सुविधा मिलेगी ।

तम्बाकू एवं सुगन्धित पदार्थों के उत्पादन में भी जनपद अपनी विशिष्टता रखता है । बीडी बनाने का छोटी इकाईयाँ जनपद की फर्रूखाबाद , कन्नौज एवं छिबरामऊ तहसीलों में बडी संख्या में कार्यरत हैं । फर्रूखाबाद अपनी छपाई के कार्य के कारण एवं देश तथा विदेशों में प्रसिद्ध है । यहाँ से पर्याप्त मात्रा में छपी साडियाँ चद्दरे आदि विदेशों को निर्यात की जाती है जिससे विदेशी मुद्रा देश को पर्याप्त होती है । फर्रूखाबाद , शिकोहाबाद , दिल्ली रेलवे लाइन पर मेल व एक्सप्रेस चलने से छपाई उद्योग के निर्यात में पर्याप्त वृद्धि हुई है ।

अध्याय-2

-:अवस्थापना:-

2- संचार प्रणाली :-

जनपद की आन्तरिक प्रणाली व्यवस्था में सुधार होने के उपरान्त भी उसे आवश्यकता के अनुकूल उस समय तक नहीं कहा जा सकता है जबतक कि फर्रुखाबाद जनपद के ग्रामीण अंचलों में सड़कों का निर्माण नहीं होता है। जनपद में सार्वजनिक निर्माण विभाग एवं स्थानीय निकायों द्वारा के अन्तर्गत वर्ष 1983-84 के अन्त में क्रमशः 51 तथा 58 कि0मी0 पक्की सड़के विद्यमान है। जनपद में 6 बड़े मन्डी स्थल फर्रुखाबाद कमालगंज मोहम्मदाबाद कायमगंज, कन्नौज व छिबरामऊ पक्की सड़कों से सम्बद्ध है, साथ ही सभी प्रशासनिक केन्द्र पक्की सड़कों से सम्बद्ध है। चिकित्सा, पशुचिकित्सा, शिक्षा बैकिंग संग्रहण सुविधाये उपलब्ध कराये जाने से सम्बन्धित प्रायः पक्की सड़के से सम्बद्ध है। हसेरन विकास खण्ड में पक्की सड़कों की सुविधा का अभाव है। इस क्षेत्र में पक्की सड़कों की लम्बाई के प्रसार की आवश्यकता है। जनपद के 378 ग्राम पक्की सड़कों से सम्बद्ध है। शेष ग्रामों का पक्की सड़क से दूरी के हिसाब से विभाजन निम्न प्रकार है :-

क्र0सं0	पक्की सड़क से दूरी	ग्रामों की संख्या
1-	1कि0मी0 तक	685
2-	1से3कि0मी0	375
3-	3से5कि0मी0	316
4-	5कि0मी0 से अधिक	201

न्यूनतम आवश्यकता कार्यक्रम के अन्तर्गत शासन की घोषित नीति के अनुसार 1990 तक 1500 से ऊपर की आबादी के समस्त ग्रामों को लिंक रोड से जोड़ा जायेगा। 1000 से 1500 तक की आबादी के ग्रामों को 50 प्रतिशत को भी 1990 के अन्त तक लिंक रोड से जोड़े जाने का प्रस्ताव है कार्यक्रम है। 1986 के अन्त तक इस कार्यक्रम के अन्तर्गत 50 प्रतिशत तक लक्ष्य पूर्ति किया जाना प्रस्तावित है। जनपद का मुख्य व्यवसाय कृषि होने के कारण क्रय विक्रय की मुख्य क्रियाये भी कृषि सम्बन्धित है। इसके लिए पारम्परिक मंडियां व मेले तो है ही साथ में आधुनिक ढंग की मण्डियां भी बनाई गई है। जो कि कायमगंज, फर्रुखाबाद मोहम्मदाबाद कमालगंज छिबरामऊ एवं कन्नौज में है।

उपरोक्त मन्डी समितियों के अतिरिक्त छिबरामऊ एवं कन्नौज की उपमन्डी समिति क्रमशः गुरुसहायगंज एवं तिर्वा में कार्यरत है।

क्रमशः

मण्डी समितियों के अतिरिक्त जनपद में सात सहकारी क्रय विक्रय समितियाँ फर्रुखाबाद कायमगंज मोहम्मदाबाद ,कन्नौज तालग्राम कमालगंज छिबरामऊ में स्थित है

2-3 भण्डारण एवं विपणन:- प्रत्येक विकास खण्ड में एक ग्रोथ सेन्टर विकसित किया जा रहा है । जहाँ कृषकों को सभी सुविधाएं प्राप्त होंगी। जनपद में कृषि उत्पादन सहकारिता एवं खाद्य विभाग के पास क्रमशः 7,8 तथा 30 5-6 तथा 1-2 हजार मी0टन भण्डारण की सुविधा उपलब्ध है । इसके अतिरिक्त भारतीय खाद्य निगम के 2 गोदाम में 5 वेयर हाउसिंग कारपोरेशन के दो गोदामों में 10.9 राज्य सरकार के 2 गोदामों में 4-0 सहकारी -4 भण्डारों में 4.0 हजार मै0टन की भण्डारण क्षमता उपलब्ध है । जनपद का 1983-84 का कुल खाद्यान्न उत्पादन 20-12 लाख मै0टन था जिसको देखते हुए भण्डारण क्षमता पर्याप्त नहीं है। विश्व बैंक के सहयोग से प्रत्येक न्याय पंचायत में सहकारिता विभाग द्वारा ग्रामीण गोदाम निर्मित कराये जा रहे है । इस कार्यक्रम के अन्तर्गत उत्पादकों को भण्डारण सुविधाएं ग्रामीण अंचलों में प्राप्त हो सकेगी । एकीकृत ग्राम्य विकास कार्यक्रम के अन्तर्गत खाद्यान्न भण्डारण हेतु गांवों में कुठारियों का वितरण किया गया है । निजी उत्पादकों को इससे भी राहत हुयी है।

जनपद में आलू का उत्पादन बड़े पैमाने पर किया जाता है। वर्ष 1983-84 में 10-32101 मै0टन आलू का उत्पादन किया गया । जनपद में 80 शीतभण्डार है। जिनकी भण्डारण क्षमता लगभग 4-8 लाख मी0टन है । आलू की भण्डारण क्षमता इसके उत्पादन को देखते हुए कम है । जिसके लिए और अधिक शीत गृह बनाये जाने की आवश्यकता है ।

उद्योग विपणन:- कायमगंज क्षेत्र में एक चीनी मिल तथा खाण्डसारी की छोटी छोटी कई इकाइयाँ कार्य कर रही है तथा तम्बाकू की भी इकाइयाँ कायमगंज क्षेत्र में स्थित है। कन्नौज तथा छिबरामऊ में मूंगफली के दाने निकालने की तथा कायमगंज में तम्बाकू के विपणन उद्योग कार्यरत है। फलों के विपणन की भी एक इकाई कायमगंज में स्थित है । आलू के प्रचुर मात्रा में उत्पादन को दृष्टिगत रखते हुए जनपद में आलू के चिप्स बनाने की 5 छोटी छोटी इकाइयाँ तथा एक बड़ी इकाई कार्यरत है । आलू के चिप्स बनाने की और इकाइयाँ स्थापित किये जाने की आवश्यकता है ।

2-4 सिंचाई सुविधाएं:- जनपद में नहर राजकीय नलकूप एवं व्यक्तिगत अल्प सिंचाई साधनों से सिंचाई की जाती है । 1983-84 में सिंचाई की स्थिति स्रोतवार निम्नप्रकार रही है:-

क्र0सं0	सिंचित स्रोत	वास्तविक सिंचित क्षेत्रफल है0में0
1-	नहर	30447
2-	राजकीय नलकूप	8151
3-	व्यक्तिगत अल्प सिंचाई साधन	127775
4-	अन्य साधन	16238
	योग-	182611

जनपद में शुद्ध बोये गये 280731 हे० में से 18261। में कुल सिंचाई सुविधा उपलब्ध है जनपद में 383 राजकीय नलकूप कार्यरत है नहर सिंचाई प्रणाली केवल आंशिक सिंचाई सुविधा ही प्रदान करती है। इससे आर्थिक होने वाली उत्पादन देने वाली फसलों के लिए 4 से 5 सिंचाई की सुविधा संम्भव नही है। राजकीय नलकूप और व्यक्तिगत सिंचाई साधन ही सुनिश्चित सिंचाई की सुविधा प्रदान कर सकते है। कृषकों को निजी साधन से व्यक्तिगत अल्प सिंचाई साधनों की ओर है। वर्ष 84-85 के अन्त में 17571 निजी नलकूप 9362 रहट तथा 276 पम्पसेट से सिंचाई सुविधा कृषकों जनपद में उपलब्ध हो रही थी। व्यक्तिगत अल्प सिंचाई साधनों से प्रतिवर्ष लगभग 16000 हे० अतिरिक्त सिंचन क्षमता का सृजन हो रहा है।

2-5 विद्युत की सुविधायें:- जनपद में विद्युत प्रजनन की कोई इकाई नही है। [illegible] की 33 के०वी० लाइन तथा 11 के०वी० लाइनों की लम्बाई 2538.8 कि०मी० है साथ ही 2862-15 कि०मी० लो टेन्शन लाइन जनपद में स्थित है।

जनपद में 4 नगरीय क्षेत्र फर्रुखाबाद, फतेहगढ़, कन्नौज, छिबरामऊ तथा कायमगंज विद्युतीकृत है।

इसके अतिरिक्त 1027 कि०ग्रा० केन्द्रीय विद्युत उपयोग की परिभाषानुसार विद्युतीकृत किये जा चुके है। जो फर्रुखाबाद ग्रामों का [illegible]5-1 प्रतिशत है इसके अतिरिक्त वितरण तन्तुओं का जाल बिछाकर 379 ग्राम विद्युतीकृत किये जा चुके है। जो कुल आबाद ग्रामों का 24-0 प्रतिशत है। जनपद की 525 बस्तियों हरिजन बस्तियों में विद्युतीकृत है। जनपद के शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों में क्रमशः 1345 तथा 1142 औद्योगिक कनेक्शन उपलब्ध है। निजी नलकूप 11393 विद्युतीकृत है।

फतेहगढ़ जनपद की विद्युत की आपूर्ति मैनपुरी तथा पनकी पावर हाउस से प्राप्त होती है। विद्युत उत्पादन में कमी के फलस्वरूप विद्युत आपूर्ति कभी 8 घन्टे तथा कभी इससे भी कम भी जनपद को प्राप्त होती है। जिससे कटौती के समय की निश्चित स्थिति की जानकारी उपभोक्ताओं तथा औद्योगिक इकाइयों को नही हो पाती है। जिसके फलस्वरूप बड़ी कठिनाई का सामना करना पड़ता है। जनपद में 80 शीत गोदाम है। जिसके कार्य में विद्युत की कटौती आलू के भण्डारण पर व्यय अधिक होता है।

अतः उक्त कठिनाइयों के समाधान हेतु जनपद में विद्युत आपूर्ति में बढ़ोत्तरी किये जाने की आवश्यकता है।

2-6- बैंक एवं ऋण सम्बन्धी सुविधायें:- 31 मार्च 1985 की स्थिति के अनुसार। जनपद में राष्ट्रीयकृत एवं अन्तर्राष्ट्रीय बैंकों की निम्न शाखायें कार्यरत हैं:-

राष्ट्रीयकृत बैंक

1- भारतीय स्टेट बैंक	फतेहगढ़, फर्रुखाबाद, गुरुसहायगंज, कन्नौज, कायमगंज, सरायप्रयाग तालग्राम, छिबरामऊ, जलालाबाद, सकरावा, कायमगंज, कृषि विकास शाखा कन्नौज सिटी।

क्रमशः 10 पर

2- बैंक आफ इण्डिया — फतेहगढ़, फर्रुखाबाद, कायमगंज, कम्पिल, मोहम्मदाबाद कन्नौज, तिर्वा, छिबरामऊ, सौरिख, गुरुसहायगंज एवं सिकन्दरपुर।

3- इलाहाबाद बैंक — फर्रुखाबाद, चटपुर, मकरन्दनगर, ठठिया।

4- सेन्ट्रल बैंक — फतेहगढ़, फर्रुखाबाद, कायमगंज,

5- पंजाब नेशनल बैंक — फर्रुखाबाद, शमशाबाद, कमालगंज।

6- ओरियन्टल बैंक आफ कामर्स — फर्रुखाबाद, छिबरामऊ।

7- बैंक आफ बड़ौदा — फर्रुखाबाद।

8- यूनाइटेड कामा0 बैंक — फर्रुखाबाद।

गैर राष्ट्रीयकृत बैंक
================

1- बरेली कारपोरेशन बैंक — फर्रुखाबाद, कन्नौज।

2- बनारस स्टेट बैंक — फर्रुखाबाद, छिबरामऊ, एवं गुरुसहायगंज।

3- हिन्दुस्तान कामा0 बैंक — फर्रुखाबाद।

4- सेठ बाशशाह बैंक — फर्रुखाबाद।

उपरोक्त के अतिरिक्त जनपद में 6 भूमि विकास बैंक एवं 16 सहकारी बैंकों की शाखायें कार्यरत हैं। निर्बल वर्ग के लोगों के वित्त पोषण सुविधापूर्वक, कार्यान्वित करने के उद्देश्य से जनपद में बैंक आफ इण्डिया द्वारा क्षेत्र ग्रामीण भूमि बैंक की शाखायें खोली गई हैं। जनपद के ग्रामीण क्षेत्रों में इनका काफी प्रचार हुआ है। मार्च 1984 के अन्त में इनके शाखाओं की संख्या 82 हो गयी है। जनपद के सभी विकास खण्डों में व्यवसायिक बैंकों की शाखायें खोली जा चुकी है।

अध्याय- 3
प्रशासनिक एवं संस्थागत ढांचा

जिला स्तर पर प्रशासनिक ढांचा निम्न प्रकार है:-

प्रशासन एवं एवं राजस्व	पुलिस अधीक्षक	जिला जज
जिलाधिकारी	उपपुलिस अधीक्षक	सहायक जज एवं
अपरजिलाधिकारी	की सहायता से	अपरजिलाजज मुन्सिफ
परगनाधिकारियों की	थानों पर नि	मजिस्टेटों की सहायता से
सहायता से तहसीलें	नियन्त्रण	
नगरपालिकायें/टाउनएरिया		

नियोजन एवं विकास

अपरजिलाधिकारी (परि०)   जिला विकास अधिकारी

जिला कृषि अधिकारी, उद्यान अधिकारी, आलू विकास अधि० पशुपालन अधिकारी, पंचायत राज अधिकारी, सहायक निबन्धक सहकारी समितियाँ, सहायक अभियन्ता (ल०सि०) अधिशासी अभियन्ता ग्रामीण अभियन्त्रण सेवा विभाग, सामान्य प्रबन्धक जिला उद्योग केन्द्र, भूमि संरक्षण अधिकारी, अर्थ अधिकारी, संख्याधिकारी, एवं समस्त खण्ड विकास अधिकारी।

जनपद फर्रुखाबाद में 4 नगरपालिकायें फर्रुखाबाद कम फतेहगढ़, कायमगंज, कन्नौज, तथा छिबरामऊ तथा टाउन एरिया गुरुसहायगंज, कमालगंज, तालग्राम, सिकन्दरपुर, तिर्वागंज, शमशाबाद कम्पिल एवं सौरिख हैं। नगरपालिकाओं में नगरपालिका फर्रुखाबाद की वित्तीय स्थिति वर्ष 1978 से पूर्व अत्यन्त निम्न स्तर की थी नगरपालिका अपने कर्मचारियों को वेतन को निर्धारित तिथि को वितरित नहीं कर पाती है। नगरपालिका कन्नौज की स्थिति भी फर्रुखाबाद की तरह वर्ष 1973 से पूर्व की थी वर्ष 1978 के उपरान्त इस नगरपालिका की वित्तीय स्थिति में काफी सुधार हुआ है। नगरपालिका छिबरामऊ की वित्तीय स्थिति 79 से पूर्व वहती से हुई आय के कारण अधिक अच्छी दशा में थी। शासन द्वारा इस अवस्था को 1979 में समाप्त किया गया। इसके फलस्वरूप इसकी आय में पर्याप्त कमी हो गई है। नगर पालिका कायमगंज की स्थिति (वित्तीय) अच्छी नहीं है। सभी नगर पालिका क्षेत्रों में पाइपों द्वारा जलसंम्पूर्ति की व्यवस्था है। सीवर की व्यवस्था किसी भी नगर में पालिका में नहीं है। फर्रुखाबाद मलापय योजना का कार्य लगभग पूर्ण है। परन्तु नाले की सफाई नहीं हो पायी, गन्दे पानी के बहाव हेतु नाले की सफाई अति आवश्यक है। छिबरामऊ नगरपालिका में भी मलोपयोगी योजना का काफी हद तक पूर्ण हो चुका है। समस्त नगरसमितियों की वित्तीय स्थिति संतोषप्रद नहीं है।

समस्त नगर समितियों की वित्तीय स्थिति संतोषप्रद नहीं है । पाइप द्वारा जल संम्पूर्ति की व्यवस्था टाउन एरिया गुरुसहायगंज, तालग्राम कमालगंज, तिर्वा कम्पिल एवं शमशाबाद में उपलब्ध है परन्तु आबादी के हिसाब से जल संम्पूर्ति नहीं हो पाती है । टाउन एरिया सिकन्दरपुर में जल संम्पूर्ति भी शीघ्र जलाशय का निर्माण कराया जा रहा है । टाउन एरिया कम्पिल में नलकूप का निर्माण जल निगम द्वारा जलसंम्पूर्ति हेतु कराया जा रहा है । सार्वजनिक शौचालयों का निर्माण कराये जाने की आवश्यकता है ।

5- जनपद स्तर पर एक सहकारी बैंक, एक जिला सहकारी बैंक, भूमि विकास बैंक एवं उत्तर प्रदेश सहकारी फैडरेसन की एक शाखा तथा 124 ग्रामीण क्षेत्रीय सहकारी तथा जिला सहकारी बैंकों की 16 शाखाये स्थित है। जिनका उद्देश्य मुख्यतः सहकारी सदस्यों को नकद तथा वस्तु के रूप में रुपये उपलब्ध कराना है । जिला स्तरीय संस्थाये राज्य स्तरीय संस्थाओं से संम्बद्ध है । इस सभी संस्थाओं वित्तीय साधन अंशपूंजी, अन्य उपलब्धियों, रिजर्व बैंक ऑफ इन्डिया, राज्यसरकार से प्रदेश स्तर पर स्थित उ०प्र० सहकारी बैंक के माध्यम से की जाती है । इस प्रकार यह स्पष्ट है । कि प्रदेश स्तर से लेकर ग्रामीण स्तर तक की सभी संस्थाये एक दूसरे से संम्बद्ध है । जो कि सभी एक दूसरे की सहायता करते है। जहाँ तक भूमि विकास बैंक का संम्बन्ध है राज्य से प्राप्त ऋण हिस्सा जनता में डिबेंचर जारी करके प्राप्त धन का वितरण कर सदस्यों के स्तर को ऊँचा उठाने में सहायता प्रदान करते है ।

अध्याय-4

प्राथमिक कार्यकलापों के अन्तर्गत जनपद में कृषि ही मुख्य व्यवसाय है। राज्य में यह जनपद आलू एवं तम्बाकू का अधिकतम उत्पादन करता है। गन्ना एवं मूँगफली का उत्पादन यहाँ पर्याप्त मात्रा में होता है। खाद उत्पादन की दृष्टि से मक्का की खेती जिले में काफी बडे क्षेत्र में होती है। अन्य मुख्य फसलों में यहाँ गेहूँ, चावल, चना, मटर, अरहर, जौ, बाजरा, पर्याप्त मात्रा में पैदा किया जाता है। जिन क्षेत्रों में सिचाई की सुविधा पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है वहाँ वर्ष में 3 फसलें की जाती हैं। वर्ष 1982-83 में शुद्ध बोये गये क्षेत्रफल का 65.19 प्रतिशत क्षेत्र फसल विभिन्न सिचाई साधनों से चिंचित किया जाता है। वर्ष में शुद्ध बोये गये क्षेत्र का लगभग 49 प्रतिशत क्षेत्र एक से अधिक बार बोया जाता है। इस जनपद की विशेषता है कि अधिक से अधिक क्षेत्रफल में एकसेअधिक बार फसलें बोई जाती हैं। जनपद का सीमान्तः फसल चक्र निम्न प्रकार है :-

1. मक्का, आलू, गेहूँ, मूँग।
2. मक्का, आलू, मूँग, खरबूजा, तरबूज।
3. मक्का, तम्बाकू, सब्जी, जायद।
4. आलू गेहूँ, मूँग।

कृषि उत्पादन कार्यक्रमों के कार्यान्वयन से प्रमुख अड़चन अच्छे बीज की प्रचुर मात्रा में उपलब्ध न होने की है। बीज की जो आपूर्ति कृषि विभाग तथा सहकारिता विभाग द्वारा की जाती है, वह अत्यन्त नगण्य होती है। ऐसी स्थिति में कृषि विभाग द्वारा बीजों के प्रचुर मात्रा में उत्पादन उत्पादन हेतु बीज की अत्यन्त आवश्यकता है। उन्नतिशील बीजों के भण्डारण की सुविधा कृषि विभाग के पास जनपद में सुलभ नहीं हैं। जनपद स्तर पर इस सुविधा हेतु कृषि विभाग द्वारा 5 गोदामों का निर्माण कराये जाने का कार्यक्रम वर्ष 1986-87 हेतु स्वीकृत किये गये तथा वर्ष 1985-86 में 7 कृषि अपूर्ण गोदामों को भी पूरा कराने का भी प्रावधान किया गया था तथा वर्ष 1987-88 में 2 और नवीन कृषि गोदामों के निर्माण की योजना प्रस्तावित है।

जनपद के माध्यमिक कार्यकलापों के अन्तर्गत विभिन्न औद्योगिक इकाईयाँ हैं । अधिकतम जनसंख्या, ग्रामीण एवं लघु उद्योगों में कार्यरत हैं । जहाँ जहाँ जनपद में वृहद उद्योगों का विकास हुआ है वहीं दूसरी ओर लघु स्तरीय उद्योगों का भी विकास हो रहा है । यहाँ के प्रधान उद्योगों में छपाई, इत्र उद्योग, बीडी उद्योग, पीतल के वर्तन, लकडी के ठप्पे बनाना तथा साबुन बनाने के उद्योग हैं । जनपद के सघवाडे (फर्रुखाबाद) मोहल्ले में छपाई इकाइयों की संख्या 350 है । जिनमें लगभग 6000 कुशल तथा अर्द्धकुशल श्रमिक लगे हैं । इस उद्योग में लगभग 8 करोड कीपूँजी विनियोजित है । यहाँ के छपे वस्त्र, परदे, स्कार्फ, बेडशीटआदि मुख्यत: अमेरिका, इगलैण्ड, न्यूजीलैंड के देशों को निर्यात किये जाते हैं जिससे लगभग 2 करोड रुपये की विदेशी मुद्रा प्रतिवर्ष अर्जित की जाती है ।

कन्नौज नगरी में इत्र उद्योग केन्द्रित है । जो जनपद का प्राचीनतम उद्योग है । इस उद्योग की छोटी वडी लगभग 50 इकाइयाँ कार्यरत हैं । जिनमें 2.5 करोड रुपये विनियोजित है । इकाईयों में लगभग 1000 लोगों को रोजगार प्राप्त है । वहाँ का निर्मित इत्र अनेक जनपद की आवश्यकताओं को पूरा करता है । इन उद्योगों से प्रतिवर्ष 2 करोड रुपये की विदेशी मुद्रा प्राप्त की जाती है । कन्नौज में चन्दन का तेल निकालने के लिए 10 कारखाने कार्यरत हैं जिनमें 100 व्यक्ति पूर्ण/आंशिक रूप से कार्यरत है ।

जनपद में 80 आलू संरक्षण संग्रहालयों में 1000 व्यक्ति कार्यरत है ।

कायमगंज तहसील जनपद में तम्बाकू, गन्ना, एवं फल के उत्पादन का प्रमुख केन्द्र है । यही कारण है कि किस्टिल्स, सुगर, एवं फल खाण्डसारी की इकाइयाँ यहाँ कार्य कर रही हैं जिसमें 1000 व्यक्ति सीजनल कार्यरत हैं । फलसंरक्षण का एक कारखाना पितौरा नामक स्थान में कार्यरत है । परन्तु फलोत्पादन का केवल 20 प्रतिशत ही इस कारखाने में उपयोग हो पाता है । अन्य उद्योगों में आलू चिप्स, रोलिंगमिल, चर्मशोधन, लकडी के ठप्पे, जनरल इन्जीनियर्स तथा मोमवत्ती, अगरवत्ती आदि स्थापित है ।

रेल विभाग वैगनों की पूर्ण आवश्यकताओं की पूर्ति करने में अक्षम हैं जिससे औद्योगिक इकाइयों को कोयला नहीं मिल पाता है तथा उनको अधिक दर पर कोयला लेना पडता है जिससे उनकी उत्पादन दर अधिक हो जाती है ।

पावर की कमी के कारण इकाईयाँ पूर्ण कार्यक्षमता से उत्पादन नहीं कर पाती है। इस कारण उत्पादन का ह्रास होता है तथा पूरे समय तक कारीगरों को काम नहीं मिल पाता है।

वस्त्र छपाई उद्योग तथा सुगन्धित तेल व इत्र का निर्माण करने वाली इकाइयाँ पुरानी पद्धति से कार्य करती है क्योंकि वे आधुनिक पद्धति का उपयोग नहीं करती है। वह अपने परम्परागत ढंग से कार्य करती हैं तथा उनके कार्यों को आधुनिक रूप देने हेतु कन्नौज में इन्शोनिशयल आयल कम्पलेक्स तथा प्रयोगशाला तथा फर्रुखाबाद में अखिल भारतीय हथकरघा बोर्ड द्वारा सार्वजनिक सुविधा केन्द्र, छपाई प्रशिक्षण केन्द्र प्रिंटिंग प्रशिक्षण केन्द्रों की स्थापना की जा रही है जो कि उद्यमियों को आधुनिक कार्य प्रणाली अपनाने पर परामर्श देंगे जिससे नित्य नये फैशन के आधार पर बिल्कुल तैयार माल की निष्कासन हो सके तथा विपणन की कोई समस्या न रहे।

जनपद पिछड़ा होने के कारण बैंकों की कार्य पद्धति ठीक नहीं हैं। बैंक नवस्थापित होने वाली इकाइयों की माँग का केवल 10 प्रतिशत ही पूर्ति करती है। बैंको द्वारा ऋण देने की कार्य पद्धति सुगमता हों तथा वह शीघ्र इकाईयों को ऋण दे सके जिससे इकाईयों को स्थापना में अचल पूँजी की कार्यशील पूँजी की आवश्यकता की पूर्ति होने से इकाईयाँ की उन्नतिशील तथा प्रगतिशील रहेंगी।

- - - - - - - - - -

अध्याय-5

नियोजन सम्बन्धी समस्यायें :-

वर्तमान समय में जनपद -फर्रुखाबाद में एक सार्वजनिक क्षेत्र की कायमगंज में स्थापित चीनी मिल तथा कुछ निजी क्षेत्र कपडों की छपाई व ठप्पे बनाने से सम्बन्धित व बीडी उद्योग की लघु इकाइयों में ही अभ्यर्थियों को नियोजित करने की सुविधा उपलब्ध है । बडे उद्योगों का इस जनपद में अभाव होने के कारण बेरोजगारी की समस्या इस जनपद के लिए अभिशाप है ।

ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों के अधिकाँशत: अभ्यर्थियों को स्वत: नियोजन हेतु जिला ग्रामोद्योग के माध्यम से एकीकृत ग्राम्य विकास एवं स्पेशल कम्पोनेन्ट तथा ट्राइसेस योजना के अन्तर्गत ऋण प्रदान करने की सुविधा उपलब्ध है ।

अशिक्षित शिल्पकार तथा पढे लिखे बेरोजगार नौजवानों को स्वत: प्रशिक्षण प्रदान करने की सुविधायें दी जा रही हैं । रोजगार के इच्छुक अभ्यर्थियों को सर्वप्रथम व्यवसायिक निर्देश दिया जाता है जिससे उन्हें रोजगार प्राप्त करने के लिए विभिन्न प्रकार के प्रशिक्षण एवं शिशु प्रशिक्षण अधिनियम के अन्तर्गत नियोजकों के यहाँ लगाये जाने का प्रयास किया जाता है ।

अभ्यर्थियों की बेरोजगारी को देखते हुए उपरोक्त विभिन्न सुविधाओं के अन्तर्गत साधन पर्याप्त नहीं है तथा रोजगार केअवसर भी कम उपलब्ध है जिससे दिन-प्रतिदिन बेराजगारों की संख्या और अधिक बढती जा रही है । वर्तमान योजना में स्वत: रोजगार पर ही अधिक बल दिया गया है ।

इसके साथ ही साथ जनपद में एक आधुनिक तकनीकी युग में इस जनपद का मुख्यालय पर एक भी विज्ञान का शिक्षण संस्थान तक नहीं है, जिसके कारण मध्यम वर्ग के विज्ञान शिक्षणार्थियों को मजबूर होकर आगरा या कानपुर जाना पडता है । तकनीकी शिक्षा को ध्यान में रखते हुये जनपद मुख्यालय पर एक प्राविधिक शिक्षा के उद्देश्य से राजकीय पालीटेक्निक की स्थापना हेतु वर्ष 1984-85 की योजना में शासन से स्वीकृति प्राप्त भी की जा चुकी है । शिक्षित वर्ग को उनकी अभिरूचि के अनुसार न तो कोई प्रशिक्षण संस्थायें हैं और न ही कोई औद्योगिक इकाई है जहाँ कि वह कुछ सीखकर अपनी जीविकोपार्जन हेतु कार्य कर सकें ।

ऐसी दशा में आधुनिक प्रगतिशील युग में यदि खाद्य निर्माण उप-केन्द्र अथवा आलू जो यहाँ की मुख्य उपज है और पूरे प्रदेश में बाहुल्य से उत्पादित होती है । इसी से निर्मित होने वाली अन्य वस्तुओं के उपकरण लगाये जायें तो उनके उत्पादन का अधिक से अधिक लाभांश प्राप्त होगा और जनकल्याण होगा । जनपद में औद्योगिक केन्द्र स्थापित है किन्तु शिक्षित वर्ग को टंकण व शार्टहैण्ड व्यवस्था में प्रशिक्षण प्राप्त करने हेतु सुविधा नहीं है । अतएव शार्टहैण्ड व टंकण व्यवसाय, इलेक्ट्रानिक रेडियों व टेलीविजन के व्यवसाय बढ़ाने हेतु योजना की प्रस्तावना पर कार्यवाही की जा चुकी है । जनपद में निर्धन मध्यम वर्ग के लोगों को दैनिक समाचार व अन्य औद्योगिक साहित्य पढ़ने हेतु न तो कोई स्थान है और न कोई वाचनालय, जहाँ उपयोगी साहित्य प्राप्त हो सके । अच्छा होगा कि यदि किसी अच्छे वाचनालय की स्थापना की जाती ।

उच्चतर माध्यमिक शिक्षा उत्तीर्ण अथवा नवीन स्नातक अभ्यर्थी प्राय: व्यवसाय उधर खोजने हेतु नगर में आते हैं और यदि कोई व्यवसाय नहीं प्राप्त होता है तो प्राय: असामाजिक तत्वों के साथ में सम्मिलित होकर अनियंत्रित उद्दण्ड प्रकार के कार्य करने लगते हैं । अत: उन्हे खाली दिमाग न रखने एवं स्वत: नियोजन हेतु बैंकों से संरक्षण नीति अपनायी जाये तो सुधार होने की सम्भावना है ।

अध्याय-6

पिछडे समुदाय की समस्या

इस जनपद में अनुसूचित जनजातियों की जनसंख्या प्रायः नगण्य है। अनुसूचित जातियों में जनपद में चमार, जाटव, धोबी, कोरी धानुक जातियों की संख्या का प्रतिशत अधिक है। अनुसूचित जातियों के अलावा जनपद में विमुक्त जातियाँ जैसे कंजड, नट, हगूडा, बिडिया, आदि भी निवास करते हैं। इन समुदायों के जीविका का साधन प्रायः मजदूरी पैतृक धन्धा तथा बटाई पर खेती करने का है। सामान्यतया इनको खेती के लिये भूमि बहुत कम मात्रा में होती है, जिसके मजदूरी और बटाई पर जमीन लेकर खेती करने के लिये दूसरों पर आश्रित रहना पडता है।

मुख्यतः पिछडे वर्ग के लोगों की समस्याऐं आर्थिक, सामाजिक व शैक्षिक हैं। इन सभी समस्याओं को दूर करने के लिये शासन द्वारा विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम विभिन्न विकास विभागों द्वारा चलाई जा रहे हैं। मुख्यतः इस दिशा में हरिजन तथा समाज कल्याण विभाग ने कार्य किया है।

विभिन्न समस्याओं के निराकरण हेतु उल्लेख अध्याय-12 में किया गया है।

अध्याय-7

जिला योजनाओं का समालोचनात्मक मूल्यांकन

जिला नियोजन में कुछ क्षेत्र ऐसे है जो प्रदेश के अन्य क्षेत्रों की भाँति विकास चाहते हैं और उनके लिए अन्य जनपदों की भाँति इस जनपद में भी कार्यक्रम है । कुछऐसे भी कार्यक्रम हैं जो इस जनपद की विशेष परिस्थितियों के अनुभव है । अतः उनके लिए विशेष कार्यक्रम बनाये जाते हैं । उनमें मुख्य कार्यक्रम निम्न हैं ।

1. एकीकृत ग्राम्य विकास योजना
2. स्पेशल कम्पोनेन्ट
3. राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार योजना
4. ग्रामीण भूमिहीन रोजगार गारण्टी योजना

एकीकृत ग्राम्य विकास योजना का मुख्य उद्देश्य देश में गरीबी की रेखा से नीचे जीवनयापन करने वाले परिवारों को इस रेखा से ऊपर उठाना है । जिन परिवारों की वार्षिक आय 3500.00रू0 तक है वह इस श्रेणी के परिवार माने जाते हैं । प्रत्येक वर्ष प्रत्येक विकास खण्ड से 600 परिवारों का चयन कर उनकी आय को इस प्रकार बढाना है कि वे इससीमा से ऊपर उठ जाये । इसके लिए अन्त्योदय प्रणाली क्लस्टर एप्रोच अथात् समूह चयन विधिप्रयोग की जाती है ।

आय बढाने के लिए परिवारों को उनके वर्तमान व्यवसायों में सहायता करना , नये व्यवसायों की स्थापना करके तथा परिवार के अन्य सदस्यों को अतिरिक्त आय अर्जन करने के अन्य कार्यों में लगाना है । इसके लिए कृषि पोषक, कृषि सहायक व्यापार , उद्यम तथा ट्राइसेम की योजनायें हैं ।

इस जनपद के सभी 14 विकास खण्डों में यह योजना कार्यान्वित की जा रही है तथा इस योजना अंतर्गत सन्तोषजनक उपलब्धियाँ प्राप्त की गई हैं । इन उपलब्धियों को और ऊँचा उठाने की आवश्यकता है । इस कार्यक्रम के संचालन में निम्न विशेषकठिनाइयों का सामना करना पड रहा है ।

1.कार्यक्रम का लाभ उठाने के लिए बैंको की वित्तीय सहायता पर निर्भर रहना पडता है । सभी बैंकोके शाखा प्रबन्धक कार्यक्रमों में आस्था न रखते हुए पूर्ण योगदान नहीं करते हैं ।

2. जो सहायता दी जाती है उसका लाभ परिस्थितियों वश या जानबूझकर नहीं उठाया जाता फलस्वरूप वित्तीय सहायता के दुरूपयोग के कारण ऋण वापस करना कठिन हो जाता तथा बैंक वसूली कम होने के कारण और अधिक ऋण सहायता देने में शाखायें रूचि नहीं लेती ।

3. जो सहायता निर्बल वर्ग को दी जाती है उसे कुछ विचौलिये सबल वर्ग के लोग पुराने ऋण के भुगतान के बदले बलपूर्वक प्राप्त कर लेते हैं अथवा ऋणी स्वयं पुराना ऋण दे देता है जिससे निर्बल परिवार को तो लाभ नहीं मिलता उस पर अदायगी का भार बढ जाता है ।

4. जो परिवार किसी कारण वश पूर्व के बकायादार होवे उनको ऋण सहायता प्राप्त नहीं कर सकते । ऐसे परिवारों की संख्या बहुत अधिक है जो दिन-प्रतिदिन बढती जा रही है । उपरोक्त कठिनाइयों को दूर करके ही इस कार्यक्रम को लोकप्रिय एवं लाभकारी बनाया जा सकता है ।

वर्ष 1980-81 से 1985-86 तक उक्त योजनान्तर्गत लाभान्वित परिवारों तथा उन्हें दिये गये अनुदान की धनराशि का विवरण निम्न तालिका में वर्णित है :-

वर्ष	सम्पूर्ण लाभान्वित परिवार संख्या	अनुसूचित परिवार संख्या	ट्राइसेम में प्रशिक्षित व्यक्ति	अनुदान की धनराशि (लाखों में)
1	2	3	4	5
1981-82	10163	4543	692	88.130
1982-83	9744	3565	560	126.275
1983-84	13712	5305	144	148.823
1984-85	12757	3644	350	175.458
1985-86	9320	4949	178	134.373

स्पेशल कम्पोनेन्ट योजना:- इस योजनान्तर्गत अनुसूचित व जनजाति के परिवारों को दी जाने वाली सहायता तथा ऋण प्राप्त करने में सुविधा प्रदान की गई है । प्रथम तो यह निर्धारित कर दिया गया है कि प्रत्येक विभाग के व्यय का 20 प्रतिशत कार्यों का सम्पादन

इस वर्ग के लोगों के लाभ में किया जाय । दूसरे एकीकृत ग्राम्य विकास के लाभार्जियों को सहायता में वृद्धि कर 25 प्रतिशत या 33,1/3 प्रतिशत अनुदान के ऊपर 50 प्रतिशत तक पूरा करने हेतु मार्जिन मनी 4प्रतिशत ब्याज पर ऋण के रूप में प्रदान की जाती है । यह योजना अनुसूचित जाति/ जनजातियों के कल्याण परिवारों के लिए विशेष लाभकारी है पर ग्रामीणक्षेत्रों में यह योजना एकीकृत ग्राम्य विकास योजना से बढकर रह गई है । दूसरी ओर उन्हीं परिवारों को लाभ मिल सकता है जो एकीकृत ग्राम्य विकास की योजनान्तर्गत लाभान्वित हो । शहरी क्षेत्र में इसका योगदान कम है क्योंकि वहाँ के लिए कार्यकर्ता कम है ।

इस योजना को सफल बनाने के लिए विकास खण्डों में अतिरिक्त स्टाफ की स्थापना करके सघन कार्यक्रम की योजना लागू करनी पडेगी ।

राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार योजना :-

यह "श्रम के बदले अन्न" योजना का परिष्कृतरूप है । इस योजनान्तर्गत ग्रामीण क्षेत्र की सड़कों , नाले , तालाब , पुलियाँ आदि बनाने का कार्यक्रम है । इस योजनान्तर्गत इस जनपद के ग्रामीण क्षेत्रों में सड़के , पुलिया, नाले , तालाब, बनाये गये हैं जिनसे ग्रामीण मार्गों के जोडने में भी सुविधा प्रदान की गई है । कार्य के साथ ही साथ श्रमिकों को रोजगार भी उपलब्ध हुआ है लेकिन इस कार्यक्रम में भी कुछ कठिनाईयाँ अनुभव की जा रही है , वे नीचे सुधार हेतु वर्णित है ।

1. जो कार्य सम्पन्न किये गये हैं वे अस्थाई प्रकृति के हैं उन्हे स्थाईरूप से बनाना आवश्यक है और शासन की भी यही नीति है ।
2. भारी व बडे कार्यों के लिए श्रम व वस्तुअंश 60 प्रतिशत व40प्रतिशत है, जबकि कार्यदाही संस्थाओं के मतानुसार 20 प्रतिशत 80 प्रतिशत होना आवश्यक है ।

अध्याय-8

स्थानीय संसाधनः-

जनपद में खनिज पदार्थों के नाम पर कोई विशेष खनिज पदार्थ उपलब्ध नहीं है। भवन निर्माण कार्यों में मिट्टी से ईंटे बनाकर प्रयोग में आती है तथा गंगा के किनारों स्थानों से बालू उपलब्ध होती है भवन निर्माण कार्यों में प्रयुक्त होने वाला सीमेंट लोहा सभी जनपद के बाहर से आयात करना पड़ता है।

कृषि उत्पादन के अन्तर्गत गेहूँ मटर चना तिलहन धान मूँगफली मक्का तम्बाकू एवं आलू प्रचुर मात्रा में पैदा होते हैं। फलों के अन्तर्गत आम अमरूद नींबू की पैदावार उल्लेखनीय है। इस उत्पादित पदार्थों के अन्तर्गत आम अमरूद अधिक मात्रा में दूसरे प्रदेशों के लिए भेजे जाते हैं जिससे इस जनपद को अच्छी खासी आमदनी प्राप्त होती है अतः इस जनपद में प फलों का उत्पादन विशेष महत्व रखता है। इन उत्पादित पदार्थों से सम्बन्धित उद्योगों को कृषि उत्पादन के रूप में यह वस्तुएँ सुलभ होती हैं।

अध्याय -9

दीर्घ कालीन विकास की रूप रेखा

आगामी 5 वर्ष के बाद विभिन्न विकास विभागों में क्रिया कलापों का क्या स्वरूप होगा इसका विवरण निम्न अनुच्छेदों में वर्णित है।-

1- कृषि कार्यक्रमों के अन्तर्गत सप्तम पंचवर्षीय योजना में 5 प्रतिशत की दर प्रतिवर्ष रखी गयी है×। कृषि उत्पादन के अन्तर्गत प्रमुख खाद्यान्न के उत्पादनों के अन्तर्गत वर्ष 79-80, 84-85,89-90 के आंकड़े निम्न तालिका में दिए गये हैं :-

मद	वर्ष	उत्पादन हजार मी0 टन में	
खाद्यान्न	79-80	84-85	89-90
मक्का	39	46	51
मूंगफली	8	13	100 1
गेहूँ	210	215	220 18
अरहर	13	18	23

उद्यान

फर्रुखाबाद में आलू का पर्याप्त क्षेत्र फल है तथा उसका उत्पादन में अपना विशिष्ट स्थान है साग भाजी एवं फल उत्पादन का भी जनपद में उल्लेखनीय है। आलू एवं साग भाजी के अन्तर्गत क्षेत्रफल की दीर्घ कालीन रूप रेखा निम्नांकित है :-।उत्पादन हजार मी0 में।

मद	79-80 का स्तर	84-85 का स्तर	89-90 का स्तर
आलू के अन्तर्गत क्षेत्रफल हैक्0	35509	40000	450000
आलू का उत्पादन लाख मी0टन	4-54	9-00	11-700
फलों के अन्तर्गत क्षेत्रफल	5257	8757	10886
साग भाजी के अन्तर्गत क्षे0है0	6753	13750	18700

जनपद आलू उत्पादन के क्षेत्र में विशिष्ट स्थिति को देखते हुये यह आवश्यक है कि फर्रुखाबाद जनपद को विभिन्न रेलवे स्टेशनों पर अधिक से अधिक वैगन उत्पादन अवधि में उपलब्ध हों तथा उनको निर्दिष्ट स्थान पर तीव्र गति से पहुंचाने की व्यवस्था सुनिश्चित हो।

लघु सिंचाई:-

वर्ष 79-80 की स्थिति के अनुसार व्यक्तिगत अल्प सिंचाई साधनों की सिंचन क्षमता 155570 हे0था।,5 वर्षीय दीर्घकालीन परिप्रेक्ष्य से सम्भावना है कि लगभग 1 लाख हे0क्षेत्र में अतिरिक्त सिंचन क्षमता में होगी। राजकीय लघु सिंचाई के अन्तर्गत वर्ष 90 तक 100 अतिरिक्त नलकूप के लगाये जाने का सम्भावित लक्ष्य है।

जिससे 10000 हे0 अतिरिक्त क्षेत्रफल में सिंचन क्षमता बढ़ेगी। (22)

9-4 सहकारिता:-

सहकारी समितियों द्वारा वर्ष 1970 के पूर्व ऋण का वितरण वैको द्वारा नही किया जाता था इसलिए अनेक गबन के मामले प्रकाश में आये जिन पर कार्यवाही अमल में लायी जा रही है। उक्त प्रणाली से शासेतन ऋण बहुत बढ़ गया है जिससे समितियों की आर्थिक स्थिति जर्जर होने के साथ साथ सदस्यों के ऋण वितरण की क्षमता भी घट गयी जिसे रिव्यू कराने हेतु तथा शासेय ऋण के एवज में राज्य से ऋण प्राप्त करने हेतु प्राविधान भी किया गया×। इस प्रकार दीर्घ कालीन 5 वर्षों में जनपद की स्थिति सुदृढ़ हो जायेगी ।

जनपद में चल रहे शीतगृह घाटे में चल रहे हैं क्योंकि बिजली की आपूर्ति तथा इसकी असमान्य रेट तथा कमरों की कैपीसिटी कम होने के कारण इसका निराकरण जनरेटिंग सेट खरीदकर तथा एक कमरा और जोड़कर कैपीसिटी को बढ़ाकर भंडारण क्षमता को बढ़ाया जायेगा जिससे आमदनी बढ़ जायेगी इसी प्रकार आमदनी बढ़ाने हेतु एन0 सी0डी0सी0 तथा विश्व बैंक योजनान्तर्गत ऋण भी उपलब्ध हो रहा है जिससे प्रत्येक न्याय पंचायत समिति पर आलू भंडारण के अतिरिक्त अन्य वस्तुओं के भंडारण की क्षमता उपलब्ध हो जायेगी।

9-5 लघु उद्योग:- लघु उद्योग इकाइयों की स्थापना का जो लक्ष्य निर्धारित किया जाता रहा है उसमें उपलब्धता करीब 300 से 500 तक की थी तथा उपरोक्त उद्योग में सेवा पाने की भी उपलब्धि करीब 150 प्रतिशत रही। वर्तमान वर्ष से उद्योग स्थापना पर अधिक से अधिक बल ग्रामीण औद्योगीकरण पर दिया जा रह है तथा यह निश्चित किया गया है कि राजकीय सुविधाओं का ज्यादा से ज्यादा उपयोग ग्रामीण इकाइयों पर किया जाय शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों में इकाइयों की स्थापना का अनुपात 50 एवं 60 निश्चित किया गया है जिसके कार्यान्वयन का प्रयास किया जा रहा है।

9-6 सड़कें:- न्यूनतम आवश्यकता कार्यक्रम के निर्धारित उद्देश्यों में व्यवस्था है कि वर्ष 1977 तक 1500 से ऊपर की आबादी के समस्त ग्रामों को लिंक रोड से जोड़ दिया जाय साथ×××××हीयहभी प्रस्तावित है कि 1000 से 1500 तक की आबादी के समस्त ग्रामों को 50 प्रतिशत सड़कों से इसी अवधि में जोड़ दिए जाँय ।

9-7 शिक्षा:-न्यूनतम आवश्यकता कार्यक्रम के अन्तर्गत यह ~~आवश्यक~~ है प्रस्तावित है कि वर्ष 1977 तक 6-14 वर्ष के बच्चों का शत प्रतिशत कक्षा प्रवेश सुनिश्चित किया जाय तथा नान फार्मल शिक्षा की व्यवस्था भी की जाय 15-35 वर्ष की आयु के व्यक्तियों को इस अवधि में नान फार्मल शिक्षा के माध्यम से आच्छादन भी किया जाना अपेक्षित है।

3-8 चिकित्सा एवं जन स्वास्थ्यः इस जनपद की कुल जन संख्या 1981 की जनगणना के अनुसार 1919137 है। वर्ष 2000 तक इस जनपद की अनुमानित जनसंख्या के लिए 68 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों की आवश्यकता होगी जिनमें से अभी तक 15 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र कार्यरत हैं तथा हमें कुल 53 केन्द्र और स्थापित करने हैं। उनको क्रमशः दो भागों में विभाजित करने पर 1990 तक 25 केन्द्र नये स्थापित करने होंगे। हमारे पास 2 वर्ष का समय शेष है अतः तीन प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र प्रति वर्ष स्थापित करने हैं अन्तिम 3 वर्षों में चार केन्द्र स्थापित करके हम इस लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं।

इस जनपद में 14 विकास खण्ड हैं। प्रत्येक विकास खण्ड पर एक सामुदायिक विकास खण्ड की स्थापना करना 2000 ई० तक का लक्ष्य है। अतः हमें प्रत्येक वर्ष एक सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र स्थापित करना होगा। वर्ष 1987-88 की जिला योजना में ही एक सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र की स्थापना प्रस्तावित है।

अध्याय-10

जिला योजना की पूर्वता

केन्द्रीय योजना आयोग एवं राज्य स्तरीय नीति सिध्दान्तो के अनुरूप जिला योजना के मूलभूत सिध्दांत एवं पूर्वताएं निम्न प्रकार से निधार्रित हैं ।

10-1 विकास सामाजिक न्याय के साथ हों।

सघन ग्रामीण विकास एवं राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार योजना के कार्यक्रम योजना में प्रस्तावित है । जिसका लाभ समाज के निर्बल वर्गों को मुलभ्त होंगें ।

10-2 जनपद के आर्थिक विकास के लिए स्थानीय, भौतिक तथा मानवीय संसाधनो का अधिकतम तथा सर्वोत्तम उपयोग हो जिससे आय एवं रोजगार दोनों में वृध्दि हो सके ।

10-3 भूमि पशुधन लघु एवं कुटीर उद्योगों की उत्पादकता की वृद्धि इस प्रकार से हो कि जो लाभ सम्भावित है उसका अधिकांश भाग समाज के दलित वर्ग छोटे किसान भूमिहीन कृषक तथा ग्रामीण उद्यमियों को मिल सके । इसी दृष्टिकोण से ग्रामीण क्षेत्रों में सबसे गरीब परिवार सघन ग्राम्य विकास के अन्तर्गत चयन किये गये हैं ।

10.4 राष्ट्रीय न्यूनतम आवश्यकता कार्यक्रम:-

जिसमें प्राथमिक तथा प्रौढ शिक्षा , ग्रामीण स्वास्थ्य एवं पेयजल तथा ग्रामीण सड़कें , ग्रामीण विद्युतीकरण , ग्रामीण निर्धनों के आवास हेतु पर्यावरण सुधार तथा पोष्टिक पुष्टाहार के कार्यक्रमों का समावेश जिला योजना में किया जाये ।

10.5 ऐसे सामाजिक तथा आर्थिक अवस्थापनाओं का निर्माण किया जाये जिससे उपरोक्त लक्ष्यों की पूर्ति हो सके ।

10.6 उक्त वर्णित अवस्थापनाओं , संस्थाओं , को इस प्रकार पुनर्गठित किया जाये जिससे गरीबों के हितो की रक्षा हो सके ।

10.7 रोजगार के ऐसे अवसरों का सृजन किया जाये जिनसे भूमिहीनों, छोटे कृषकों आदि को रोजगार के अधिक अवसर उपलब्ध हो सके ।

10.8 रोजगार के अधिक अवसरों को उपलब्ध कराने के उद्देश्य से दलितवर्ग भूमिहीनों , ग्रामीण उद्यमियों को विभिन्न प्रशिक्षण द्वारा प्रशिक्षित किया जाये ।

अध्याय-11

राष्ट्रीय न्यूनतम आवश्यकता कार्यक्रम

राष्ट्रीय न्यूनतम आवश्यकता कार्यक्रम के अन्तर्गत योजना आयोग निर्धारित राष्ट्रीय लक्ष्य निम्न प्रकार है :-

मद	लक्ष्य	1985 तक का लक्ष्य
1	2	3
1-प्रारम्भिक शिक्षा	6-14 वर्ष के बच्चों का शतप्रतिशत कक्षा प्रवेश तथा नान फार्मल शिक्षा 15-35 वर्ष शतप्रतिशत 1990 तक नान फार्मल शिक्षा के माध्यम से आच्छादन।	6 से 11 वर्ष का 95 प्रति० कक्षा प्रवेश 50 प्रति० 11-14 वर्ष का कक्षा प्रवेश एक साथ ही नान फार्मल शिक्षा का कोई लक्ष्य निर्धारित नहीं है।
2-ग्रामीण स्वास्थ्य	1990 तक प्रतिगाँव या प्रति एक हजार तक की आबादी पर 1 कम्युनिटी स्वास्थ्य सेवक।	1-4 लाख कम्युनिटी, हेल्थ स्वयं सेवकों की संख्या जो 1-4-80 को थी, को बढ़ाकर 3.60 लाख करना सब सेन्टरों की संख्या 50000 से 90 हजार अर्थात 75 प्रति० वृद्धि
	2- मैदानी इलाकों में 5000 जनसंख्या पर तथा पर्वतीय एवं जनजाति इलाके में 3000 जनसंख्या पर एक सब सेन्टरों की स्थापना 2000 ई० तक।	
	3-30000 की मैदानी जनसंख्या 20000 की पर्वतीय या जनजाति की जनसंख्या पर एक पी०एच०सी० 2000 ई० तक	5400 पी०एच०सी० एवं 1000 सब सेन्टरों में 600 अतिरिक्त पी०एच०सी० तथा 1000 सब सेन्टरों की स्थापना जिसे 45 प्रतिशत जनसंख्या आच्छादित हो सके
	4-2000 ई० तक प्रति एक लाख जनसंख्या पर या प्रत्येक विकास खण्ड स्तर पर एक सामुदायिक स्वा० केन्द्र की स्थापना	17 नये सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों की स्थापना साथ ही 340 प्रोन्नति पी०एच०सी० का सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में परिवर्तन।

3-ग्रामीण जल सम्पूर्ति		केवल पर्वतीय एवं रेगिस्तानी ग्रामों को छोड़कर अन्य समस्त जलाभाव ग्रस्त ग्रामों में जल सम्पूर्ति ।
4-ग्रामीण सड़कें	सन् 1990 तक 1500 से ऊपर सभी ग्रामों को लिंक रोड से जोड़कर तथा 50 प्रति० वैसे ग्रामों को भी जोड़ना जो 1000 से 1500 की आबादी के हैं ।	50 प्रतिशत लक्ष्य पूर्ति अर्थात् 20000 नये ग्रामों को लिंक रोड से जोड़ना ।
5-ग्रामीण विद्युतीकरण	प्रत्येक राज्य तथा केन्द्र शासित प्रदेशों के 60 प्रति० ग्रामों का 1990 तक विद्युतीकरण।	40 प्रति० ग्रामों का विद्युतीकरण जिससे लक्ष्य पूर्ति हो सके अर्थात् 46464 ग्रामों का विद्युतीकरण।
6-ग्रामीण भूमिहीन मजदूरों को आवास सुविधा	1990 तक सभी भूमिहीन मजदूरों को आवास सुविधा इस सुविधा के अन्तर्गत मकान बनाने की सामग्री पानी पीने की सुविधा तथा विकास सड़क सामिल है।	शेष परिवारों को आवास स्थल का आवंटन तथा 25 प्रतिशत अर्ह परिवारों करीब 36 लाख परिवारों को मकान निर्माण में सहायता ।
7-शहरी गन्दी बस्तियों की वातावरण स्वच्छता	1990 तक शतप्रतिशत शहरी गन्दी बस्तियों का आच्छादन अर्थात जल सम्पूर्ति मलगम बहुसाती गलियों तथा सड़कों को पक्की करना इस कार्यक्रम में अनु० जाति विशेष भंगियों को प्राथमिकता दी जावेगी।	40 प्रति० गंदी बस्तियों की जनसंख्या अर्थात् 1 करोड़ या गन्दी बस्ती जनसंख्या का सुविधाओं से आच्छादन
8-पुष्टाहार		विशेष पुष्टाहार कार्यक्रम 600 आई०सी०डी०एस० ब्लाक के 50 लाख बच्चों तथा 5 लाख महिलाओं को समन्वित स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धि जिसमें भोजन स्वास्थ्य कल्याण सम्मिलित है । मिड डे मील:-एक करोड़ लाख लाभार्थी बच्चों को मिड डे मिल कार्यक्रम चलाना इसका

कार्यक्रम को अन्य आवश्यक सेवाओं
के साथ समन्वय कर दिया जावेगा।

विभिन्न कार्यक्रमोंपर विभागवार वर्ष 86-87 में व्यय का प्रविधान निम्नवत किया गया है ।

क्रमांक	विभागीय कार्य	वर्ष 86-87 में प्रस्तावित परिव्यय (हजार रु० में)
1-	प्रारम्भिक शिक्षा	4195.2
2-	ग्रामीण स्वास्थ्य	7997
3-	ग्रामीण जल सम्पूर्ति	4394.5
4-	ग्रामीण सड़कें	14000
5-	ग्रामीण आवास	661
6-	पुस्टाहार	2136
	योग 29961-2	33383.7

जिला योजना के अतिरिक्त राष्ट्रीय रोजगार कार्यक्रम के अन्तर्गत ग्रामीण विकास विभाग से धनराशि का प्रविधान किया जावेगा जो कि न्यूनतम आवश्यकता कार्यक्रम के अन्तर्गत प्रस्तावित किया जावेगा ।

उपरोक्त कार्यक्रमों के पूर्ण हो जाने पर राष्ट्रीय न्यूनतम आवश्यकता कार्यक्रम से सम्बन्धित लक्ष्यों का बहुत कुछ हिस्सा पूर्ण हो जावेगा ।

अध्याय-12

पिछड़े -समुदाय के लिये कार्यक्रम

पिछड़े वर्ग के व्यक्तियों की समस्याओं के निवारण हेतु निम्नलिखित कार्यक्रम वर्ष 1986-87 की योजना में प्रस्तावित है ।

अनुसूचित जातियों काकेल्याण :-

क्रमसं0	कार्यक्रम	वर्ष 1987-88 हेतु प्रस्तावित धनराशि ‖हजार रू0 में‖
1	2	3
1.	छात्रवृत्ति पाठ्य पुस्तिका तथा उपकरण हेत सहायता	
	‖क‖ जू0 हा0स्तर ‖6-8‖	300
	‖ख‖ प्राइमरी स्तर ‖कक्षा1-5‖तक	193
2.	नवम् एवं दशमोत्तर कक्षाओं की अन्तिम परीक्षा में प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण छात्रों का विशेष पुरूस्कार	25
3.	विभागद्वारा सहायता प्राप्त छात्रावासों पुस्तकालयों एवं पाठशालाओं के सुधार एवं विस्तार	25 420‖हरिजन‖
4.	स्वास्थ्य आवास सम्बन्धी गृह निर्माण हेतु अनुदान	660‖सामु0वि0‖

विमुक्त जातियों का कल्याण :-

1.	छात्रवृत्ति ,पाठ्यपुस्तिकाओंएवं उपकरण हेतु अनावर्तीय सहायता पिछड़ी जातियों का कल्याण	28
	1.जूनियर हाई स्कूल स्तर कक्षा 6-8	455
	2.प्राइमरी स्तर कक्षा 1-5	144
2.	निराश्रित विधवाओं को सहायता अनुदान	1200
3.	नेत्रहीन वधिक तथा शारीरिक रूप से विकलागों को अनुदान	274
4.	शारीरिक रूप से अक्षम तथा हड्डी रोग से ग्रस्त विद्यार्थियों को शिक्षा तथा व्यवसायिक प्रशिक्षण प्राप्त करने हेतु अनुदान	25
5.	शारीरिक रूप से अक्षम व्यक्तियों के बच्चो को शैक्षिक तथा व्यवसायिक प्रशिक्षण प्राप्त करने हेतु अनुदान	12

6. शारीरिक रूपसे अक्षमव्यक्तियों को कृतिम सामान आदि खरीदने हेतु अनुदान	10
7.पुष्टाहार कार्यक्रम (आई०डी०सी०एस०योजनान्तर्गत	2136
8. हरिजन पेयजल योजना कूप एवं हैण्ड पम्प कार्यक्रम	840(हरिजनपेयजलकूप) 500(हैण्डपम्पकार्यक्रम)
9.सीलिंग पर आबंटियों को आर्थिक सहायता	250
	7497

उपरोक्त सुविधायें प्रदान करने के उपरान्त भी अनुसूचित जाति के व्यक्तियों की निम्न समस्याओं के निराकरण हेतु निम्नवत् प्रक्रिया अपनाई जा रही है हरिजन उत्पीडन :- अनुसूचित जाति के व्यक्तियों की हत्या किये जाने पर घोरी मकान जलाना गम्भीर रूप से आघात एवं अपंग करें पर चल सम्पति तथा आर्थिक क्षति पहुंचाने पर शासन द्वारा अनुदान किया जाता है ।

आर्थिक असमानताओं को दूर करने के लिये शासन ने स्पेशल कम्पोनेन्ट प्लान (हरिजन कल्याण) 2 अक्टूबर 1980 से प्रारम्भ किया है । इस कार्यक्रम के अन्तर्गत सप्तम पंचवर्षीय योजना काल में 50 प्रतिशत अनुसूचित जाति के परिवारों को जो गरीबी की रेखा से नीचे अपना जीवनयापन कर रहे हैं और जिनकी आय शहरी क्षेत्र मे 4300/-रू० ग्रामीण क्षेत्र में 3500/-रू०से कम तथा शैक्षिक बेरोजगार को 6000/-रू० वार्षिक से कम हो उन्हें आर्थिक योजनायें देकर गरीबी की रेखा से ऊपर लाया जायेगा ।

अनुसूचित जाति का सर्वांगीण विकास करने के लिये स्पेशल कम्पोनेन्ट प्लान के अन्तर्गत उन विभागों में जिनकी योजनाओं के विकास किये जा सकते हैं 4, अनुसूचित जाति के व्यक्तियों के लिये शासन द्वारा धन अलग से मात्राकृत किया जाता है । इसके अतिरिक्त जिन विभागों की योजनाओ का विभाजन नहीं हो जाता उन्हे यह आदेश दिये गये हैं कि वे अपनी योजना हरिजन बाहुल्य क्षेत्र में तथा उनके निकट प्रारम्भ करें जिससे कि अनुसूचित जाति के लोगों को अधिक से अधिक लाभ हो सके । स्पेशल कम्पोनेन्ट प्लान के अन्दर अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम बैंक ऋण का 50 प्रतिशत अनुदान 3000 तक मार्जिन मनी ऋण 4 प्रतिशत ब्याज पर 5000/- की सीमा तक इस आधार पर देता है कि योजना के नाम रिकरिंग लागत 2000/- रू० से अधिक नहीं होनी चाहिये ।

वर्ष 1987-99 में भी इतने ही लक्ष्य की पूर्ति करना प्रस्तावित है इस के अतिरिक्त अनुसूचित जाति के सर्वांगीण विकास के लिये विभिन्न विभागों द्वारा जो कार्य किये जाते हैं उनके विभागवार कार्यक्रम निम्नप्रकार है:-

क्रमांक	विभाग का नाम	कार्यक्रम
1.	सामुदायिक विकास	आवास एवं पेयजल
2.	पंचायत विभाग	राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार योजना
3.	सिंचाई विभाग	ट्यूब वेल निर्माण
4.	विद्युत विभाग	हरिजन बस्ती का विद्युतीकरण एवं जनता कनेक्शन आदि
5.	मत्स्य विभाग	मत्स्य पालको पर मृण दिये जाने वाला अनुदान
6.	जिला परिषद	अल्पोदय कार्यक्रम
7.	शिक्षा विभाग	सामुदायिक पौधशाला अनुदान=तिलहन प्रदर्शन
8.	खादी ग्रामोद्योग विभाग	खादी एव ग्रामीण उद्योगो के लिये

अध्याय-13

वर्ष 1987-88 सप्तम पंचवर्षीय योजना काल का तृतीय वर्ष है इस वर्ष की योजना संरचना में विभागवार महत्वपूर्ण प्रस्तावित कार्यों का विवरण नीचे दिये जा रहे हैं :-

